साईंस ऑफ़ द सोल–अमरीका के तरफ़ से यह ऑफिशिअल सूचना है

बाबा जी के सत्संग प्रोग्राम

के बारे में, जो

साईंस ऑफ़ द सोल स्टडी सेंटर – पेटालुमा

में होगा

2415 East Washington Street, Petaluma, California 94954

www.petalumaprogram.org

बुधवार जुलाई 29 और गुरुवार, जुलाई 30, 2020

सत्संग प्रोग्राम

गेट खुलने का समय:	सुबह 6:00 am
सत्संग हॉल खुलने का समय:	सुबह 6:30 am
अपनी सीटों पर बैठ जाने का समय:	सुबह 8:45 am
सत्संग शुरु होने का समय:	सुबह 9:30 am
सत्संग ख़तम होने का समय:	सुबह 11:00 am
साइट बंद होने का समय:	दोपहर 2:00 pm

आमंत्रित क्षेत्र: अमरीका, मेक्सिको, सेंट्रल अमरीका, साउथ अमरीका और करेबियन के निवासी, बाबा जी के पेटालुमा सत्संग प्रोग्राम के लिए आमंत्रित हैं।

सत्संग प्रोग्राम: हर रोज़ सुबह 9:30 बजे सत्संग शुरु होगा और सत्संग के बाद सवाल-जवाब होंगे।

पहुँचने का समय: कृपया साइट पर सुबह 6:00 बजे से पहले ना पहुंचे, ज़्यादा जल्दी पहुँचने से सुरक्षा और यातायात के लिए खतरे वाली स्थिति पैदा हो सकती है। समय से पहले पहुँचने वाली संगत की सहूलियत के लिए कोई भी सुविधाएँ उपलब्ध नहीं होंगी। कृप्या सेवादारों को साइट पर पहुँचने और साइट को तैयार करने का उचित समय दें। **सुबह 6:30 बजे से पहले किसी को भी हॉल में दाखिल नहीं किया जायेगा। जो संगत हॉल में निर्धारित समय पर आएगी, उनके निरपक्ष प्रवेश के लिए रैंडम तरीक़े से लाइन लगा कर उन्हें प्रवेश दिया जायेगा।**

बैठने की सुविधा: संगत को सुबह 8:45 बजे तक अपनी सीटों पर बैठ जाना चाहीये। जो संगत इकट्ठे बैठना चाहते हैं उन्हें इकट्ठे ही पहुँचना चाहिए। किसी और के लिए सीट रोक के रखने की इजाज़त नहीं दी जाएगी। सब की सुविधा और सुरक्षा के लिया, कृपया सेवादारों के साथ सहयोग करें। कृपया नोट करें कि हॉल के सामने वाले भाग में बैठने का इंतज़ाम ज़मीन पे, गद्दीयों पर होगा। केवल स्वीकृत फ़ोल्डिंग सीटों का इस्तेमाल किया जा सकता है। आप किस तरह के सीट ले कर आ सकते हैं, उसके विवरण के लिए वेबसाइट देखें।

सत्संग का साथ-साथ अनुवाद (सिमल्टेनीयस ट्रैन्स्लेशन): सत्संग का पंजाबी या हिंदी से अंग्रेज़ी और अंग्रेज़ी से स्पेनिश का साथ-साथ अनुवाद होगा। इसके लिए हेडफ़ोन के साथ सत्संग हॉल में एक निर्दिष्ट बैठने की जगह की व्यवस्था की गई है। कृप्या ध्यान दें कि, वहाँ बैठने का प्रबंध, सीमित है, इसलिए जो पहले आएँगे, उन्हें वहाँ बैठने का मौक़ा भी पहले मिलेगा।

सवाल और जवाब: सत्संग के बाद, सवाल-जवाब का प्रोग्राम होगा। जो बाबा जी से सवाल पूछना चाहते हैं, उनका चुनाव लॉटरी के तरीक़े से रोज़ सत्संग से पहले किया जायेगा। यह चुनाव की जगह सुबह 7:00 बजे खुलेगी और 8:00 बजे बंद हो जाएगी, जिसके बाद लाटरी का चुनाव होगा।अगर आपने प्रश्न पूछना हो तो, आप पहले सत्संग हॉल में अपनी सीट रख़ कर, फिर हॉल के पिछले हिस्से में जहाँ सवाल-जवाब के लिए चुनाव हो रहा हो, वहाँ आ जाएँ। अगर आप न चुने गए हों, तो आप अपने सीट पर वापिस चले जाएँ। चुने जाने के बाद, किसी और को, सवाल-जवाब के लाइन में लगने की अनुमति नहीं है।

सवाल जवाब के निर्देश:

प्रश्नों के लिए डेरे की तरफ़ से निम्नलिखित जानकारी दी गई है:

1. सवाल पूछने वालों की उम्र 18 या 18 से बड़ी होनी चाहिये।
2. सवाल छोटे और स्पष्ट होने चाहिये।
3. सिर्फ एक सवाल पूछना चाहिये।
4. सवाल सिर्फ रूहानियत के बारे में होने चाहिये ना की निजी, आर्थिक, सेहत, पारिवारिक या राजनीतिक समस्याओं के बारे में।
5. दूसरों की ओर से सवाल ना पूछें।
6. लम्बे नोट, कविताएँ या चिट्ठियाँ ना पढ़ें।
7. जब बाबा जी आप के सवाल का जवाब दे रहें हों तो उनको बीच में ना टोकें। आप कुछ बोलने से पहले, उनको अपनी बात ख़त्म करने दें।

संगत के लिए निवेदन:

1. **सत्संग प्रोग्राम के दौरान किसी भी समय ताली ना बजाएँ।**
2. **सवाल पूछने वालों की गोपनीयता का आदर करें और मुड़ कर उन्हें देखने की कोशिश ना करें।**

इन चीज़ों को लेकर आना मना है: मोबाइल फ़ोन, पेजर, कैमरा, दूरबीन, लेज़र पॉइंटर, mp3 प्लेयर जिसमे आईपॉड भी शामिल हैं, घड़ियाँ जो ऑडियो/ वीडियो रिकॉर्ड ओर संचार कर सकें, विडीओ रिकॉर्डर, इलेक्ट्रॉनिक गेम्स या किसी और इलेक्ट्रॉनिक वस्तु को सत्संग एरिया (हॉल, फैमिली एरिया और आस पास का एरिया) पर लेकर आना मना है। अगर ऐसी कोई चीज़ साइट पर लाई जाती है तो उसे सेवादारों के पास ज़रूर जमा कराएँ।

तस्वीर लेना और ऑडियो वीडियो रिकॉर्डिंग: मोबाइल फ़ोन या किसी और इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का प्रॉपर्टी पर कहीं भी प्रयोग करना मना है।

बड़े बैग और पर्स (6"x9" से बड़े) और खाने-पीने की चीज़ों को (पानी को छोड़ कर) हॉल के अंदर नहीं लाने दिया जायेगा। कृपया नोट करें कि सब बैगों की हॉल में या फॅमिली एरिया में अंदर लाने पर जाँच की जा सकती है। गद्दियाँ लेकर आने की इजाज़त है पर मेटल फ्रेम वाली कुर्सी की इजाज़त नहीं है।

नोट्स लिखना: सतगुरु चाहते हैं कि हम उनकी मौजूदगी का पूरा-पूरा फ़ायदा उठाएँ और अपना समय और ध्यान नोट्स लिखने में न लगाएँ। इसलिए कृप्या सत्संग में या सवाल-जवाब के दौरान नोट्स न लिखें। नोट्स लिखकर उन्हें इंटरनेट या किसी और तरीक़े से एक दूसरे को भेजने की सख़्त मनाही है ।

पार्किंग और प्रॉपर्टी से बाहर निकलना: दूर के पार्किंग एरिया से बुज़ुर्गों और शारीरिक रुप से असमर्थ (स्पेशल नीड्स) लोगों की सहायता के लिए सीमित ट्रांसपोर्ट का इंतज़ाम किया जाएगा। कारों को प्रॉपर्टी से निकलने में कुछ वक्त लग सकता है, इस लिए प्रॉपर्टी के मैदान पर धैर्य से इंतज़ार करने के लिये तैयार रहें। प्रॉपर्टी से बाहर निकलने में समय लगने और एरिया में ट्रैफिक के कारण, बाहर जाने वाली फ्लाइटों को कम से कम 5 घंटे बाद बुक कराने का सुझाव दिया जाता है।

ट्रांसपोर्टेशन (**परिवहन**): कुछ चुने हुए होटेलों से शटल बसों का इंतज़ाम हो सकता है। कृप्या अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर होटेल शटल इन्फ़र्मेशन पेज और होटेल शटल टिकट ऑर्डर फ़ॉर्म देखें।

सत्संग में बच्चों के साथ आना: 10 और 10 साल से बड़े बच्चों को सत्संग में जाने की आज्ञा है। 10 साल से कम उम्र के बच्चों को अपने माता पिता या गार्डियन के साथ फ़ैमिली एरिया में जाना चाहिये। माता-पिता या गार्डियन बच्चों के लिए सत्संग के दौरान और सत्संग से पहले और बाद में भी ज़िम्मेवार रहेंगे। ज़्यादा जानकारी के लिए वेबसाइट पर फ़ैमिली एरिया का इनफार्मेशन पेज देख सकते हैं।

शारीरिक रूप से असमर्थ (**स्पेशल नीड्स**) **लोगों की ज़रूरतें**: शारीरिक रूप से असमर्थ (स्पेशल नीड्स) लोगों के लिए सहायता उपलब्ध होगी । जब आप सत्संग के लिए पहुँचें, तो स्पेशल नीड्स के लिए, ड्राप ऑफ़ (Drop off) और पार्किंग के संकेतों का पालन करें। सेंटर, कोई भी चिकित्सा के लिए उपकरण (मेडिकल इक्विप्मेंट) प्रदान करने में असमर्थ है, जैसे कि व्हीलचेयर, व्यक्तिगत उपयोग के लिए वॉकर इत्यादि। **अपनी ज़रूरत की चीज़ें ख़ुद लेकर आएँ।** कृपया वेबसाइट पर स्पेशल नीड्स पेज और खास ज़रूरतों (स्पेशल नीड्स) वाला फॉर्म, अधिक जानकारी के लिए ज़रूर देख लें।

भोजन: संगत को बैग लंच दिया जायेगा जिसमें कि 1 या 2 व्रैप, फल, 1 पानी की बोतल और एक सीरियल बार होंगे। 1 व्रैप वाले बैग की कीमत $3 और 2 व्रैप वाले बैग की कीमत $5 होगी। सत्संग से पहले चाय और बिस्कुट और सत्संग के बाद केवल चाय 25 सेंट के लिए उपलब्ध होंगे।

स्थानीय लोगों के साथ सम्बंध: सत्संग में आने वाले हर व्यक्ति को चाहिये कि वह स्थानीय लोगों के साथ अपना व्यवहार विनम्र और उचित रखें। हमारे सत्संग सेंटरों ने स्थानीय लोगों और स्थानीय सरकारों के साथ बहुत अच्छे सम्बन्ध विकसित किये हैं। हमें चाहिए कि हम ऐसा कोई भी काम ना करें जिससे यह सम्बंध ख़राब हों। अगर हो सके, तो होटल और रेस्टोरेंट में काम करने वाले लोगों को टिप ज़रूर दीजिए।

पहनावा, इत्र लगाना, धूम्रपान और पालतू जानवर: पार्किंग एरिया से लम्बे फ़ासले और ऊबड़-खाबड़ ज़मीन होने के कारण, फ्लैट जूते डालने की सलाह दी जाती है। सत्संग हॉल खुले जगह में है, सुबह में ठंड और जल्दी से गरमी भी हो सकती है, इसलिए सुविधाजनक कपड़े पहनकर आएँ। कुछ लोगों को दमा, एलर्जी आदि की सेहत की समस्या हो सकती है। कृपया इन लोगों का ध्यान रखते हुए इत्र वग़ैरा लगाने से परहेज़ करें। सर्टिफाइड सर्विस जानवरों के इलावा, सत्संग प्रॉपर्टी में धूम्रपान करना और पालतू जानवर लेकर आने की इजाज़त नहीं है।